वी.यू. – चिकित्सकों द्वारा नाग पंचमी त्यौहार पर सांपों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

जबलपुर। आज दिनांक 21.08.2023 को प्रतिवर्ष अनुसार नाग पंचमी त्यौहार के अवसर पर वन विभाग जबलपुर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से अवैध रूप से सांपों को रखने और उनको प्राताड़ित करने के जुर्म में नाग बहेलियों से करीब 125 सांप जप्त किए गए। जिनमें से आज 28 के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के स्कूल आफ वाइल्डलाइफ और फोरेंसिक हेल्थ में लाया गया जहां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के आदेशानुसार/मार्गदर्शन में वन्य जीव चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा उन सांपों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी औषधीय प्रदान कर उन्हें पुनः जंगल में छोड़ने की पहल की। परीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ नागों की विष ग्रंथियां बेरहमी से निकल गई थी जिसके कारण उनके जबड़ों से खून का रिसाव देखा गया। कुछ तो अत्यंत भूखे प्यासे थे जिन्हें पानी पिलाकर खाने के लिए चिकन दिया गया। यह ध्यान रखने हेतु बात है कि सांपों को दूध पिलाना एक मिथ्या है जबकि सांप के शरीर में दूध को पचाने के कोई भी रासायनिक एंजाइम नहीं होते हैं। स्वास्थ्य परीक्षण वाइल्डलाइफ केंद्र की संचालिका डॉ. शोभा जवारे के साथ डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. सोमेश सिंह, डॉ. काजल जाधव, डॉ. निधि राजपूत एवं डॉ. अमोल रोकड़े का इस कार्य में विशेष योगदान रहा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर